प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- पीएम सूर्यघर योजना के तहत सिटी एक्सीलरेटर कार्यक्रम शुरू–प्रदेश के भी चार शहर शामिल।
- नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने इंडिगो उडानों की परिचालन स्थिति में आज से सुधार की उम्मीद जताई।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पांचवे संस्करण का समापन–चंडीगढ यूनिवर्सिटी लगातार दूसरी बार विजेता।
- पहाडो से आ रही ठण्डी हवाओं के कारण राज्य में सर्दी की रंगत बढ़ी–शेखावाटी और आसपास के क्षेत्रों में रात के पारे में गिरावट आई।

00000

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन को बढ़ावा देने के लिए सिटी एक्सीलरेटर कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें देश के 100 शहरों को चुना गया है। प्रदेश के चार शहर जयपुर, जोधपुर, अजमेर और उदयपुर इसमें शामिल किये गये है। इस प्रोग्राम में इन शहरों में जागरूकता वेंडर्स को प्रशिक्षण के साथ ही लोगों को रूफ टॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डिस्कॉम की चेयरमैन आरती डोगरा ने कल जयपुर में इस प्रोग्राम से जुडे हितधारकों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने बताया कि लोगों में रूफ टॉप सोलर के लिए रूझान बढा है। प्रदेश में हर महीने करीब 10 हजार से ज्यादा रूफ टॉप लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना में 1 लाख 9 हजार से ज्यादा रूफ टॉप सोलर संयत्र स्थापित किये गये है।

0000

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज से यात्रियों को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। श्री नायडु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। इसके लिए सरकार सभी आवश्यक हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। श्री नायडु ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि नागर विमानन मंत्रालय ने बच्चों, माताओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता देने के लिए सभी हवाई अड्डे और एयरलाइन संचालकों के साथ बातचीत की है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इंडिगो उडानों में बडे पैमाने में हुई रूकावट की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये है।

0000

देश में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद यात्रियों की बढ़ती माँग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने सुगम यात्रा और पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। देश में कुल 37 ट्रेनों में 116 अतिरिक्त डिब्बे लगाए गए हैं।

0000

समूचा राष्ट्र आज भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। इस अवसर पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति आज सुबह नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर रहे है। महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में भी डॉ. आम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे है।

0000

आज गृहरक्षा यानी होमगार्ड का स्थापना दिवस है। 63वें स्थापना दिवस के मौके पर होमगार्ड की ओर से विभिन्न कार्यक्रम होंगे। होमगार्ड राजस्थान की महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने बताया कि संगठन ने आपदा, प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

.......

पाली में होमगार्ड स्थापना दिवस के मौके पर कई प्रतियोगिताएं रखी गई और पूर्व संध्या पर वाहन रैली भी निकाली गई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने देश की सेवा में तत्पर होमगार्ड जवानों एवं स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस' की बधाई देते हुए होमगार्ड जवानों के अनुशासन, परिश्रम और प्रतिबद्धता की सराहना की है।

0000

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पांचवे संस्करण का कल जयपुर में रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

......

केआईयूजी 2025 में पंजाब की **चंडीगढ यूनिवर्सिटी** लगातार दूसरी बार मैडल टेली में शीर्ष पर रही। चंडीगढ यूनिवर्सिटी ने 42 गोल्ड, 14 सिल्वर, 11 ब्रोन्ज सहित कुल 67 पदक जीते हैं। दूसरे स्थान पर पंजाब की ही **लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी** वहीं गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में विजेता तथा प्रथम और द्वितीय रनरअप यूनिवर्सिटीज को ट्रॉफीज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय युवा और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि देश को विकसित बनाने में युवाओं और खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से देश के सॉफ्ट पावर को पूरी दुनिया के सामने ले जाया जा सकता है। सुश्री खड़से ने कहा कि ऐसे गेम्स से युवाओं को विभिन्न राज्यों और वहां की संस्कृति को जानने का मौका मिलता है और सही मायने में खेल सांस्कृतिक आदान प्रदान का बड़ा माध्यम हैं।

.....

कार्यक्रम को राज्य के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया गेम्स से खेलों की कई राष्टीय और अंतरराष्टीय प्रतिभाएं निकली हैं। इस मौके पर प्रदेश के खेल और युवा मामलों के मंत्री कर्नल राज्य वर्धन राठौड़ ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद खेलों को बढावा देने के लिए तेजी से प्रयास किये गये हैं और इसके नतीजे भी अब सामने आने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि खेल और खिलाडियों को आगे बढाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

राजस्थान के विश्वविद्यालयों ने झप्ल्ळ 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 स्वर्ण, 11 रजत और 8 कांस्य पदक अपने नाम किए।

12 दिवसीय इस आयोजन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुल 212 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 13 विश्वविद्यालयों ने पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

0000

आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत कल सवाईमाधोपुर में जिलास्तरीय कार्यक्रम रखा गया। इसमें जिले के सभी बैंकों में अनक्लेम राशि में से करीब 448 लाभार्थियों को करीब 1 करोड़ 65 लाख रूपये की राशि के प्रमाण पत्र वितरित किये गये। 1 अक्टूबर से शुरू हुए ये अभियान 31 दिसम्बर तक चलेगा। आरबीआई जयपुर के उपमहाप्रबंधक विकास अग्रवाल ने अनक्लेम खातों से राशि प्राप्त करने की प्रकिया की जानकारी दी।

......

0000

पहाडो से आ रही ठण्डी हवाओं के कारण राज्य में सर्दी अपनी पूरी रंगत दिखाने लगी है। शेखावाटी और आसपास के क्षेत्र में तापमान में तेजी से गिरावट आई है। प्रदेश में सीकर, नागौर, चूरू, दौसा और पिलानी सहित सात शहरों में कल रात का पारा 5 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। वहीं 1 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ फतेहपुर सबसे सर्द रहा। फतेहपुर में सुबह कारों और पेड़—पौधों की पत्तियों पर ओस की मोटी परत जमी हुई नजर आई। वहीं, प्रदेश में सबसे गर्म स्थान बाड़मेर रहा, जहां अधिकतम तापमान 30.2 और न्यूनतम 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नागौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह शाम तेज सर्दी के प्रकोप से ठिठुरन का एहसास हो रहा है।